हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 25 जुलाई, 2025

तापमान
अधिकतम 35 .5 डिग्री
न्यूनतम 22 .4 डिग्री

12 नप के 47 कर्मियों को मिला रोजगार गारंटी का प्रमाण पत्र



12 स्कूली शिक्षा के ढांचे को कमजोर कर रही सरकार



## खबर संक्षेप

### सभी आईटीआई में दाखिला तिथि बढ़ाई

**पानीपत।** आईटीआई प्रधानाचार्य विक्रम सिंह ने बताया कि हरियाणा राज्य में स्थित सभी राजकीय एंव निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में चलाए जा रहे विभिन्न इंजीनियरिंग तथा गैर इंजीरिनयरिंग व्यवसायों में सत्र के दाखिले हेतू दाखिला प्रक्रिया का तीसरा चरण 29 जुलाई तक बढाया गया है।

### नशा तस्कर को तीन साल का कारावास

**पानीपत।** योगेश चौधरी एएसजे कम फास्ट ट्रैक कोर्ट की अदालत ने मादक पदार्थ गांजा की तस्करी के आरोपी राजकुमार उर्फ राजू पुत्र रामफल निवासी गांव चुलकाना जिला पानीपत को तीन साल के कठोर कारावास की सजा दी। वहीं चौधरी की अदालत ने राजकुमार पर 40 हजार रूपये जुर्माना किया। जुर्माना नहीं देने पर राजकुमार को एक साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। राजकुमार को पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में पकड़ा था।

### दो बच्चों को छोड़कर लापता हुई महिला

**इसराना।** गांव इसराना निवासी 25 वर्षीय विवाहित महिला अपने दो छोटे बच्चों को छोड़कर घर से गायब हो गई। पति ने परिजनों के साथ अपनी पत्नी की हर संभावित स्थल पर तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। पति की शिकायत पर इसराना थाना पुलिस ने महिला की गुमशुदी का केस दर्ज किया है। पुलिस जांच में पता चला कि महिला का उसके पति के साथ विवाद हुआ था, इसके बाद वह घर से चली गई।

### छात्रों ने ट्रैफिक नियमों के पालन की ली शपथ

**करनाल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'रोड रूल्स, लाइफ टूल्स' अभियान के तहत मॉडल टाउन, निसिंग और अलीपुर खालसा स्कूलों में विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। इस दौरान विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई और उन्हें इन नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई।

### राज्य सरकार से ओपीएस बहाल करने की मांग

# कर्मचारी एनपीएस के विरोध में 1 अगस्त को मनाएंगे काला दिवस

- प्रदेशभर में निकालेंगे रोषमार्च, काले कपड़े पहनकर करेंगे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। रोष मार्च की रणनीति बनाते हुए कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

प्रदेश के सभी विभागों के लाखों एनपीएस कर्मचारी प्रदेश में यूनिफाइड पेंशन स्कीम लागू करने के विरोध में 1 अगस्त 2025 को अपने अपने कार्य स्थल पर बाजू पर काली पट्टी बांध कर और काले कपड़े पहन कर कार्य करेंगे। साथ ही काला दिवस मनाकर एनपीएस और यूपीएस के प्रति अपना विरोध दर्ज करवाएंगे।

इसके बाद शाम 3 बजे अंबाला शहर के अग्रसेन चौक से लघु सचिवालय तक एनपीएस और यूपीएस के विरोध में मार्च निकाला जाएगा। उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम ओपीएस बहाली हेतु ज्ञापन दिया जाएगा।जिला प्रधान रमेश कुमार,जिला महासचिव सुदेश कुमार और जिला संयोजक विजय कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि कर्मचारी न ही एनपीएस चाहते है और न ही यूपीएस। सभी कर्मचारी केवल और केवल पुरानी पेंशन की बहाली चाहते है। सरकार को यूपीएस का नोटिफिकेशन लाने से पहले कर्मचारियों के पक्ष को भी सुनना चाहिए था। पेंशन बहाली संघर्ष समिति 2018 से पुरानी पेंशन बहाली के लिए आंदोलनरत है और सरकार द्वारा ओपीएस बहाली के लिए बनाई गई कमेटी के सामने भी 2023 में तथ्यों सहित अपनी बात रख चुकी है लेकिन सरकार अब यूपीएस लेकर आई है जो कर्मचारियों के लिए बिल्कुल भी हितकारी नहीं है।

### सभी विभागों के कर्मी होंगे प्रदर्शन में शामिल

उन्होंने कहा कि कर्मचारियों का ओपीएस बहाली के लिए संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि 1 अगस्त को इस विरोध प्रदर्शन में जिले के सभी विभागों के कर्मचारी हिस्सा लेंगे।

### स्कूलों में आरटीई सीट पर नामांकन से इनकार करने पर होगी कार्रवाई

**बराड़ा।** शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिन बच्चों को उज्ज्वल पोर्टल के माध्यम से निजी स्कूलों में आरटीई (निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम) के अंतर्गत सीटें आवंटित हुई हैं। जिनका निवास स्थान आवंटित स्कूल से 3 किलोमीटर की परिधि में आता है उन बच्चों को स्कूल में प्रवेश देना संबंधित विद्यालय की बाध्यता है।

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने बताया कि यदि कोई निजी स्कूल इस नियम की अवहेलना करते हुए ऐसे बच्चों को प्रवेश देने से इनकार करता है या पोर्टल पर उनके प्रवेश को अस्वीकार करता है तो उस स्थिति में संबंधित अभिभावकों को अपने खंड शिक्षा अधिकारी को इसकी लिखित सूचना देनी चाहिए।

खंड शिक्षा अधिकारी से रिपोर्ट प्राप्त होते ही ऐसे दोषी स्कूलों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी योग्य बच्चे को शिक्षा के अधिकार से वंचित न किया जाए। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे विभागीय निर्देशों की जानकारी रखें। यदि उनके साथ कोई विद्यालय अन्याय करता है तो समय पर शिक्षा विभाग को सूचित करें, ताकि बच्चों का शैक्षणिक भविष्य सुरक्षित रह सके।

# फेसबुक पर बाइक बेचने के नाम पर ठगी, 2 काबू



यमुनानगर। साइबर क्राइम पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी।

- आरोपियों ने बाइक बेचने के नाम पर व्यक्ति से ठगे साढ़े 32 हजार
- पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

फेसबुक पर बाइक बेचने के नाम पर एक व्यक्ति से 32 हजार 499 रुपये ठग लेने के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना साइबर क्राइम पुलिस की टीम ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर उन्हें रिमांड पर ले लिया है।

साइबर क्राइम थाना प्रबंधक संदीप कुमार ने बताया कि जवाहर नगर निवासी अमित कुमार ने कुछ समय पहले शिकायत दी कि उसकी फेसबुक पर एक व्यक्ति ने अपने अकाउंट पर बाइक बेचने के लिए फोटो डाला हुआ था। आरोपी ने फोन नंबर भी लिखा हुआ था। उसने फोटो पर दिए गए नंबर बात की तो आरोपी ने उसे बताया कि वह आजकल अंबाला में तैनात है और अपनी बाइक बेचना चाहता है। वह उस समय आरोपी की बातों में आ गया और उसने मोटरसाइकिल का सौदा 20 हजार में तय कर लिया। आरोपी ने बताया कि मोटरसाइकिल को आर्मी के ट्रक में पार्सल के माध्यम से भेजा जाएगा और उसका खर्च अलग से देना होगा। इस तरह आरोपी ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर उससे 32 हजार 499 रुपये डलवाकर हड़प लिए। उसने बाद में आरोपियों से फोन पर बात करनी चाही तो उसका नंबर बंद मिला। परेशान होकर उसने साइबर थाना पुलिस में शिकायत दी।

# अंबाला में मनाया जाएगा प्रदेश स्तरीय तीज महोत्सव, सीएम होंगे मुख्यातिथि

- पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने अपने निवास पर की जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

इस साल तीज का राज्य स्तरीय कार्यक्रम अंबाला शहर में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी पहुंचेंगे। इसी दिन सीएम अंबाला शहर को कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों की सौगात भी देंगे।

सीएम के अंबाला शहर में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने भी तैयारियां शुरू कर दी है। भाजपा कार्यकर्ताओं में भी सीएम के कार्यक्रम को लेकर खूब उत्साह दिखाई दे रहा है। सीएम सैनी के कार्यक्रम को लेकर पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, उपायुक्त व अन्य प्रशासनिक अधिकारीयों के साथ कार्यक्रम स्थल का दौरा किया। इस बारे में असीम गोयल ने बताया कि यह अंबाला शहर के लिए हर्ष का विषय है कि प्रदेश स्तरीय तीज महोत्सव इस बार अंबाला शहर में बनाया जायेगा।

### चक्कर न कटवाएं अधिकारी : गोयल

हर वीरवार की तरह इस वीरवार भी पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने अपने निवास पर जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतों को सुनकर मौके पर ही समाधान किया गया। पूर्व मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जनता को अधिक से अधिक राहत प्रदान करने के लिए ही हर स्तर पर समाधान शिविर लगाने के आदेश दिए हैं। ऐसे में अधिकारी भी जनता के कार्य करने में कोताही न बरतें और न ही आमजन को बार बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर कटवाएं। शहर में बना मीरी पीरी चौक बार बार वाहन टकराने की वजह से इन दिनों अच्छी हालत में नहीं है।

# धान में बोना रोग की जांच के लिए आई टीम

- कई गांवों में फसल का किया सर्वेक्षण, किसानों को बीमारी से निपटने के लिए दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। धान की फसल की जांच करते पहुंची फरीदाबाद की जांच टीम।

केंद्र सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के फरीदाबाद स्थित क्षेत्रीय केंद्रीय एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन केंद्र की टीम ने वीरवार को कृषि अधिकारी के साथ मिलकर ग्राम धुराला व तेजा मोहड़ी एंव आसपास के गांवों में धान में बोना रोग का संयुक्त सर्वेक्षण किया।

सर्वेक्षण के दौरान खेत में सफेद पीठ वाला फुदका जोकि बोना रोग का वाहक है देखने को नहीं मिला लेकिन कुछ खेतों में बौने पौधे पाए गए, जोकि आर्थिक हानि स्तर से कम मात्रा में है।

किसानों को सुझाव दिया गया कि वे अपने खेत में बारीकी से निगरानी रखें और सफेद पीठवाला फुदका दिखाई देने पर बूपरोफेजीन 25 प्रतिशत एससी, फिपरोनिल 5 प्रतिशत एससी का छिडक़ाव लीफलेट में दी गई जानकारी के अनुसार करें। इसके साथ खेतों में पानी का स्तर कम रखें व यूरिया का कम मात्रा में प्रयोग करें इसके साथ लाइट ट्रैप भी इंस्टाल करें। खेत में उपस्थित बौने रोग से प्रभावित पौधों को उखाडक़र नष्ट कर दें। किसान के द्वारा यह बताया गया कि जिस भी पौधे में यह बीमारी आई वह आगे नहीं फैले।

फरीदाबाद से आई जांच टीम को डॉ. लक्ष्मी चंद, वनस्पति संरक्षण अधिकारी जमुना नेगी-वनस्पति संरक्षण अधिकारी, लख्मी चंद - वैज्ञानिक सहायक, रूबी-वैज्ञानिक सहायक एंव विभाग के कृषि अधिकारी डॉ. शेखर कुमार, सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी डॉ. विनय, कृषि विकास अधिकारी, डॉ. दर्शन सिंह, खंड कृषि अधिकारी व किसान गुरध्यान सिंह, नरेंद्र सिंह व गुरजिंद्र सिंह मौके पर मौजूद रहे।

# महापंचायत : आर्य समाजियों ने 27 को यज्ञ करने का ऐलान किया

- बापौली गांव में आर्य समाज व पंचायती भूमि को लेकर विवाद



**पानीपत।** गांव संजौली के पूर्व सरपंच पप्पू रावल के निवास पर गांव बापौली में आर्य समाज व पंचायती भूमि को लेकर चल रहे विवाद के हल को लेकर महापंचायत हुई। जिसमें सनौली-बापौली खंड के गांवों से 36 बिरादरी के प्रमुख लोगों ने भाग लिया।

महापंचायत में सर्वसम्मति से विजयपाल रावल, मोहकम छौक्कर, रोशन छौक्कर, नरसिंह रावल, चूहड सिंह, सूरभान रावल, सुमित रावल, दलीप शर्मा, सालीम पत्थरगढ़, जिले सिंह काबडी, ईशम सिंह, वजीर देशवाल, पप्पू रावल, रणबीर देशवाल, धूमन सिंह को लेकर कमेटी बनाई गई है। महापंचायत में तय हुआ कि कमेटी प्रशासन से मिलने के साथ-साथ दोनों पक्षों से मिलकर जल्द ही समस्या का समाधान करने का प्रयास करेगी। वहीं आर्य समाज से जुड़े लोग उक्त जगह पर 27 को यज्ञ करने का ऐलान कर चुके हैं। महापंचायत में निर्णय लिया गया कि जब तक आर्य समाज विवाद का समाधान नहीं होता है तब तक उक्त जगह पर कोई कार्यक्रम ना हो।

# किसानों के मुद्दों को लेकर सीएम से मिला भाकिसं का प्रतिनिधिमंडल

- मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को दिया सभी मुद्दों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। भारतीय किसान संघ का प्रतिनिधिमंडल चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से किसानों के मुद्दों को लेकर बातचीत करते हुए।

भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने देर शाम मुख्यमंत्री के चंडीगढ़ स्थित कबीर कुटीर आवास पर भेंटकर किसानों के 15 मुद्दों पर बातचीत कर उनका समाधान किए जाने की मांग की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भाकिसं के प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत कर उनके सभी मुद्दों पर सौहार्दपूर्ण रुप से विचार करने का आश्वासन दिया। मौके पर मुख्यमंत्री ने किसानों के कई मुद्दों का समाधान भी कर दिया।

संघ के प्रांतीय महामंत्री रामबीर सिंह चौहान ने बताया कि भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल में उनके अलावा शामिल क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुरेंद्र, प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रताप सिंह खजूरी, उपाध्यक्ष रामकिशन आर्य , पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष रतन सिंह देवधर समेत अन्य किसान नेताओं ने चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से किसानों के मुद्दों पर करीब एक घंटा बातचीत की। इस दौरान उन्होंने किसानों से संबंधित 15 मुद्दों का समाधान करने के लिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी सौंपा। प्रदेश महामंत्री रामबीर सिंह चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री सैनी ने बातचीत के दौरान कुछ मुद्दों का तुरंत समाधान कर दिया। जिसमें किसान मंडियों में धान ले जाने पर स्वयं ही अपने मोबाइल के माध्यम से गेट पास काट सकता है। ताकि मंडियों में धान से भरी ट्रैक्टर ट्रालियों की ज्यादा देर तक भीड़ ना लगे। वहीं, धान के उठान के लिए मुख्यमंत्री ने कहा कि अब अनाज मंडियों से सेलर मालिक व आढ़ती खुद की धान के उठान की जिम्मेवारी संभालेंगे।

### पानी की लाइन का पोर्टल खोलने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने खेतों में सिंचाई के लिए बेचने वाले पानी की पाइपलाइन का पोर्टल भी खोलने के निर्देश दिए। इसी तरह सीएम ने प्रतिनिधिमंडल को भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय ने खेतों में खड़े पेड़ों की कटाई के लिए जो शर्तें लगाई हैं उन पर विचार करने का आश्वासन दिया। ताकि किसानों को कोई परेशानी ना हो सके। प्रतिनिधिमंडल ने गन्ने का भाव 450 रुपये प्रति क्विंटल किए जाने की मांग की। जिस पर मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को गन्ने के भाव में वृद्धि करने समेत अन्य मुद्दों पर गंभीरता से विचार करके समाधान करने का आश्वासन दिया।

### इस बार हरियाली तीज रवि योग में 27 जुलाई को

# पति की लंबी उम्र के लिए रखेंगी व्रत

- हरियाली तीज सौभाग्य, प्रेम और भक्ति का प्रतीक माना जाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाली तीज का व्रत सावन महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को रखा जाता है। ये व्रत सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए रखती है।



डा. रामराज कौशिक।

इस साल हरियाली तीज के मौके पर विशेष योग बन रहा है। सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए हरियाली तीज का व्रत रखती हैं। सावन भगवान शिव का महीना माना जाता है। इस महीने में कई व्रत और त्योहार मनाए जाते हैं। वहीं सावन महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को सुहागिन महिलाएं हरियाली तीज का व्रत रखती हैं। इस व्रत का विशेष महत्व होता है। कुरुक्षेत्र के ज्योतिष आचार्य डॉ रामराज कौशिक ने बताया कि हरियाली तीज का पर्व भारतीय संस्कृति में सौभाग्य, प्रेम और भक्ति का प्रतीक माना जाता है। इस व्रत को करने से विशेष पुण्य प्राप्त होता है और जीवन में सुख, शांति और सौभाग्य लेकर आता है। महिलाएं अखंड सुहाग के लिए और अविवाहित लड़कियां मनचाहा जीवनसाथी पाने के लिए हरियाली तीज का व्रत रखती है। यह दिन माता पार्वती और भगवान शिव के पुनर्मिलन के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। हरियाली तीज के दिन पूजा, श्रृंगार, भक्ति और दान का खास महत्व बताया गया है।हिंदू पंचांग के अनुसार, इस साल सावन माह की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि शनिवार, 26 जुलाई को रात 10:41 बजे से शुरू होगी. वहीं रविवार, 27 जुलाई को रात 10: 41 बजे समाप्त होगी। बता दें कि हिंदू धर्म में उदया तिथि का विशेष महत्व होता है. ऐसे में हरियाली तीज का व्रत रविवार, 27 जुलाई 2025 को रखा जाएगा।

### बन रहा है शुभ योग

हरियाली तीज पर इस साल रवि योग बन रहा है. रवि योग शुभ योग है, जिसमें सभी प्रकार के दोष मिट जाते हैं, क्योंकि इसमें सूर्य का प्रभाव अधिक होता है। हरियाली तीज के दिन रवि योग शाम 4:23 बजे से लेकर 28 जुलाईकी सुबह 5:40 बजे तक है।

### ये रहेगा शुभ मुहूर्त

हरियाली तीज के दिन ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:17 बजे से सुबह 04:58 बजे तक है. वहीं अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 12:55 बजे तक है। वहीं विजय मुहूर्त दोपहर में 2:43 बजे से दोपहर 3:38 बजे तक रहेगा।

### रजबाहे से मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**इसराना।** पानीपत के गांव छोटी बांध के पास रजबाहा नंबर नौ में वीरवार की सुबह करीब 20 वर्षीय युवक का अर्द्धनग्न अवस्था में शव मिला है। वहीं मृतक की शिनाख्त नहीं हुई है। माना जा रहा है कि हत्या कर शव को रजबाहे में फैंका गया है। इसराना थाना पुलिस के अनुसार सुबह खेतों में गए किसानों ने रजबाहे में शव पडे देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी।

पुलिस मौके पर पहुंची और शव का रजबाहे से बाहर निकाला। मृतक कपड़ों और शारीरिक दिखावट से वह शिक्षित और सम्पन्न परिवार का प्रतीत होता है। पुलिस ने शिनाख्त के लिए करनाल, आदि जिलों व पआसपास के गांवों में सूचना भिजवाई है। इधर, पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। युवक की मौत की वजह का खुलासा पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में पता चलेगा।

# गुरसिख परीक्षार्थी ककार पहन सीईटी परीक्षा दे सकेंगे : झींडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



- अनुमति पर एचएसएससी के चेयरमैन का आभार जताया

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने कहा कि अब सीईटी में गुरसिख (अमृतधारी) परीक्षार्थी ककार (धार्मिक चिह्न) पहन कर प्रवेश कर सकेंगे।

उन्होंने अमृतधारी सिख परीक्षार्थियों को ककार पहन कर प्रवेश करने की अनुमति पर हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन का आभार जताया। जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने आयोग के इस फैसले का स्वागत करते हुए बताया कि अक्सर यह शिकायत आती रही है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में गुरसिख परीक्षार्थियों को ककार (धार्मिक चिह्न) पहन कर परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने नहीं दिया जाता था। हरियाणा कमेटी ने इस बारे में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह से संपर्क किया था। चेयरमैन को इस बाबत जानकारी देते हुए उन्हें सिखों के धार्मिक चिह्नों के महत्व से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि गुरसिख (अमृतधारी सिख) के लिए ककार पहनना कितना जरुरी है और ककार पहन कर गुरसिख किसी भी स्थान पर प्रवेश कर सकता है। प्रतियोगी परीक्षाओं में धार्मिक चिह्न पहने गुरसिख परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने से रोकना धार्मिक भावनाओं को आहत करता है। पहले भी ऐसे कई मामलें प्रकाश में आ चुके हैं। इसलिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को इस संदर्भ में अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश जारी करने चाहिए। इसके बाद अब हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने तृतीय श्रेणी पदों के लिए 26 व 27 जुलाई को प्रदेश भर में होने वाली सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) में अमृतधारी सिखों को धार्मिक चिह्न पहन कर परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने के बारे में छूट देते हुए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके लिए हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह का आभार व्यक्त किया है।

खबर संक्षेप

## गांव बरहेड़ी में रंजिश के चलते दो पक्षों में मारपीट

**यमुनानगर।** जठलाना थाना क्षेत्र के गांव बरहेड़ी में गोगा माड़ी मूर्ति स्थापना के दौरान दो पक्षों के में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। एक पक्ष के द्वारा बंधक बनाने, मारपीट करने तथा जाति सूचक शब्द बालने का आरोप लगाया है जबकि दूसरे पक्ष द्वारा घर में घुसकर महिला के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगा है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव बरहेड़ी निवासी कमल कुमार ने बताया कि उनके गांव के सोनू व सुभम उससे रंजिश रखते थे। 13 जुलाई को उनके गांव में गोगामाड़ी मूर्ति स्थापना व भंडारे का आयोजन किया जा रहा था।

## चोरों ने घर में घुसकर चुराई नकदी

**यमुनानगर।** छछरौली के गनौली गेट के पास चोरों ने रात को एक घर में घुसकर 16 हजार रुपये की नकदी, आभूषण व अन्य सामान चोरी कर लिया। घर के सदस्य जब सुबह जागे तो उन्हें घर में सामान बिखरा मिला। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। छछरौली निवासी अशोक कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 22 जुलाई को रात 10 बजे वह परिवार के सदस्यों के साथ खाना खाकर सो गए थे।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म करने का किया प्रयास

**यमुनानगर।** बिलासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने चाकू की नोक पर 13 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। किशोरी के शोर मचाने पर आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने किशोरी की मां की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ 12 व आठ पोक्सो एक्ट के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। बिलासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 13 वर्षीय लड़की 22 जुलाई को सुबह साढ़े सात बजे किसी काम से जा रही थी।

# शिवरात्रि के उपलक्ष्य में किया भंडारे का आयोजन



## गांव रतनगढ़ माजरा में ग्रामीणों ने किया भंडारा

**रादौर।** गांव रतनगढ़ माजरा में स्थित शिवमंदिर में शिवरात्रि के उपलक्ष्य में वीरवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ों ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे से पूर्व ग्रामीणों ने सरपंच प्रतिनिधि सुनील कांबोज के नेतृत्व में हवन यज्ञ कर सभी के लिए मंगल कामना की। सुनील कांबोज ने बताया कि श्रावण मास में भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए ग्रामीणों की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया है। श्रावण मास भगवान शिव को बहुत प्रिय है। गांव के युवाओं ने कांवड़ लाने के बाद शिवमंदिर में जल चढ़ाकर भगवान को प्रसन्न किया। इस अवसर पर सरपंच सुनील कांबोज, पंच नरेश कुमार, साहब सिंह, तारा सिंह, डॉ.सोम प्रकाश कश्यप, संदीप कुमार, संजीव कुमार, नरेंद्र सिंह, अनिल कश्यप, फूला सिंह आदि मौजूद थे।

# जिला पुलिस प्रशासन ने सीईटी की परीक्षा के लिए किए पुख्ता प्रबंध: गोयल

### सीआईटी परीक्षा के लिए जिला में बनाए गए 47 परीक्षा केंद्रों पर 650 पुलिस कर्मचारी रहेंगे तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा सीईटी की परीक्षा को लेकर सुरक्षा व पार्किंग के लिए पुख्ता प्रबंध कर दिए हैं। जिला में परीक्षा के लिए बनाए गए 47 परीक्षा केन्द्रो पर महिला पुलिसकर्मियों समेत करीब 650 पुलिस कर्मचारी तैनात किए गए हैं। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की नजर रहेगी और केंद्रों के पास बीएनएस की धारा 163 लगा दी गई है। उक्त जानकारी जिला पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि जिले में 26 व 27 जुलाई को दो दिन सुबह और शाम के सत्र में सीईटी की परीक्षा होगी। पहले दिन



सीईटी परीक्षा के लिए किए इंतजामों की जानकारी देते हुए एसपी कमलदीप गोयल।

26 जुलाई को सुबह और शाम के सत्र में 22636 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। वहीं, 27 जुलाई को सुबह व शाम के सत्र में 22426 परीक्षार्थियों सहित कुल 45062 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए

### परीक्षा केंद्रों के आसपास फोटोस्टेट की दुकानें रहेंगी बंद

*पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि सीईटी की परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों के आसपास फोटोस्टेट की मशीनों, मोबाइल फोन, लैपटोप, वाईफाई, व्यक्तिगत हॉटस्पाट के प्रयोग पर मनाही रहेगी। इसके अलावा परीक्षा केन्द्रों की 100 मीटर की परिधि में स्थित सभी कोचिंग सेन्टर व फोटोस्टेट दुकानें बन्द रहेंगी। परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों के आसपास 200 मीटर के दायरे में वाहनों की पार्किंग पर प्रतिबंध रहेगा। इस आदेश की अवहेलना करने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी।*

बनाए गए सभी 47 केंद्रों पर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के लिए करीब 650 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए यातायात पुलिस को तैनात करके जरुरी दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी केंद्रों पर जिला मैजिस्ट्रेट द्वारा बीएनएस की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए गए हैं। जिसके अनुसार परीक्षा केन्द्रों के 500 मीटर के दायरे में कोई भी हथियार, जैसे अग्नेय शस्त्र, तलवार (सिख समुदाय की प्रतीक कृपाण)को छोडकर, बरछा, कुल्हाडी, जेली, भाला, चाकू, लाठी, साइकिल चैन व अन्य कोई भी हथियार अथवा वस्तु जो हथियार के रुप में प्रयोग की जा सकती है पर प्रतिबंध रहेगा।

### पार्किंग के किए विशेष प्रबंध

डीएसपी मुख्यालय कवलजीत सिंह ने बताया कि बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों व उनके परिजनों के लिए कार पार्किंग के विशेष प्रबंध किए गए हैं। परीक्षार्थी अपने वाहन को लघु सचिवालय के सामने अनाज मंडी जगाधरी में व इंडस्ट्री एरिया यमुनानगर में अपने वाहन पार्क कर सकते हैं। उन्होंने पेपर वाले दिन कोई भी परीक्षार्थी या अभिभावक अपनी कार को सड़क पर आड़े तिरछे नहीं खड़ा किए जाने की अपील की। वहीं, उन्होंने आमजन से परीक्षा के चलते अनावश्यक रूप से घर से बाहर नहीं निकलने के लिए अनुरोध किया है।

### कलस्टर स्थल पर निर्धारित किए गए समय पर पहुंचे परीक्षार्थी

# सीईटी परीक्षा के लिए होगा स्पेशल बसों का संचालन: रावल

*कलस्टर स्थल से सुबह 3.30 व 8.30 बजे रवाना होंगी बसें: महाप्रबंधक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा राज्य कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 26 व 27 जुलाई को आयोजित की जाने वाली सीईटी की परीक्षा के लिए स्पेशल परिवहन बसों का संचालन किया जाएगा। यमुनानगर बस डिपो के महाप्रबंधक संजय रावल के मुताबिक सीईटी परीक्षा के मद्देनजर यमुनानगर से चंडीगढ़ जाने वाली स्पेशल बसों का संचालन किया जाएगा। कलस्टर स्थल से सुबह 3.30 व 8.30 पर स्पेशल बसें रवाना होंगी। बस डिपो यमुनानगर के महाप्रबंधक संजय रावल ने बताया कि यमुनानगर के अभ्यर्थियों के परीक्षा केन्द्र चंडीगढ़ में बनाए गए हैं। जिनके लिए 26 व 27 जुलाई को सुबह एवं सांय की चार शिफ्ट में परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों के लिए स्पेशल बसें चलाई जाएंगी। जिला के परिक्षार्थियों की सुविधाओं को देखते हुए यमुनानगर रोडवेज डिपो द्वारा जिला के विभिन्न स्थानों पर कलस्टर स्थल बनाए गए हैं। जहां से बसें परीक्षार्थियों को चंडीगढ़ लेकर जाएंगी। उन्होंने बताया कि कलस्टर स्थल से सभी बसें परीक्षा के दिन सुबह 3.30 व 8.30 बजे संचालित की जाएंगी।



### इन स्थानों पर बनाए गए कलस्टर स्थल

महाप्रबंधक संजय रावल ने बताया कि 26 जुलाई को सुबह के सत्र में होने वाली सीईटी की परीक्षा शिफ्ट के लिए सुबह 3.30 बजे कलस्टर रादौर के गांव मंधार से चलने वाली बस में मंधार, गुमथला, कंड्रोली व माधुबांस के परीक्षार्थी, जठलाना से चलने वाली बसों में गांव जठलाना, संधाली, उन्हेडी, बरहेड़ी, संधाला व माडल टाऊन करेडा के परीक्षार्थी, नाचरौन से चलने वाली बसों में गांव नाचरौन,राझेडी, पोटली, खुर्दबन व ठसका खादर के परीक्षार्थी, गांव अलाहर से चलने वाली बसों में अलाहर, बहादूरपुर, खुर्दी व पालेवाला के परीक्षार्थी, गांव नाहरपुर से चलने वाली बसों में नाहरपुर, खजूरी, तिगरा, तिगरी, टापू कमालपुर व नागल के परीक्षार्थी, खेडी लक्खा सिंह से चलने वाली बसों में गांव खेडी लक्खा सिंह, छारी, मंसूरपुर, मसाना रांगडान, रपौली, अंटावा,भागू माजरा, भोगपुर, दौलतपुर, गढी सिकन्दरा, झीवरहेडी, काबुलपुर व टोपरा कलां के परीक्षार्थी परीक्षा देने जाएंगे। वहीं, रादौर से चलने वाली बसों में रादौर, बापा, बुबका, चमरोडी, रादौरी, कांजनू, बैंडी, बकाना,घिलौर माजरी, जगूडी व जुब्बल के परीक्षार्थी, दामला से चलने वाली बसों में गांव दामला, सुखपुरा व हाफिजपुर के परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्रों पर जाऐगें। इसी तरह थाना छप्पर के गांव जमालपुर से चलने वाली बसों में गांव जमालपुर, दराजपुर, गोलनी, गुगलो, गुन्दियानी, मुस्तफाबाद, काबुलपुर, ऊंचा चन्दना व दौलतपुर के परीक्षार्थी, तलाकौर से जाने वाली बसों में गांव तलाकौर, सारण, लवाना, कुलचन्दू, खानपुर जागधौली, अम्बली व बालछप्पर के परीक्षार्थी, थाना छप्पर से चलने वाली बसों में गांव थाना छप्पर, सबलपुर, कान्हडी, भम्भौल, भम्भौली, मंसूरपुर, गधौला के परीक्षार्थी, गांव पाबनी से पाबनी, नंदगढ, मुसीबल, पंजौरा के परीक्षार्थी, गांव कलावड से चलने वाली बसों में कलावड, जगधौली, कुलचन्दू, लवाना, तलाकौर के परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्रों पर जाऐंगे। डिपो महाप्रबंक संजय रावन ने बताया कि कलस्टर बिलासपुर बिलासपुर से चलने वाली बसों में बिलासपुर, चंदाखेडी, खेडा ब्राहमाण, मारवा, धर्मकोट, चाहडवाला, टेही, मिलकखास, रामखेडी, छौली, ककडौनी, कोटडा खास, संखेडा, बालछप्पर, बंसातियावाला, मलिकपुर व रामखेडीए के परीक्षार्थी जाएंगे। वहीं, मंगलौर से चलने वाली बसों में मंगलौर, मुगलवाली, मखौर, मछरौली, कोटला खास व आहडवाला के परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्रों पर जाऐगें। महाप्रबंधक ने बताया कि कलस्टर सढ़ौरा के गांव रसुलपुर से चलने वाली बसों में गांव रसुलपुर,नौसहरा, महमुदपुर, लाहडपुर, बकाला, रटौली, सादिकपुर, शामपुर व सालेहपुर के परीक्षार्थी तथा सढौरा से चलने वाली बसों में सढौरा, अम्बवाला व रत्तुवाला के परीक्षार्थी, गांव सरांवा से चलने वाली बसों में सरांवा, कनीपला, फतेहपुर, तुम्बी, अजीजपुर कलां, ढलौर, हैबतपुर, मलकपुर, पांडो आदि परीक्षार्थी परीक्षा देने जाएंगे।

# ट्विन सिटी के ट्रैफिक पार्क का किया जाएगा सौंदर्यीकरण: बहमनी



**यमुनानगर।** वार्ड नंबर आठ में दौरा कर संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए मेयर सुमन बहमनी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ट्विन सिटी के ट्रैफिक पार्क का जल्द ही सौंदर्यीकरण किया जाएगा। उक्त जानकारी नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने वीरवार को शहर के वार्ड नंबर आठ के विभिन्न स्थानों का दौरा करते हुए दी। उन्होंने मौके पर लोगों की समस्याएं भी सुनी और उनका समाधान करवाए जाने का आश्वासन दिया। मेयर सुमन बहमनी वीरवार को पार्षद विभोर पाहुजा के साथ वार्ड नंबर आठ में पहुंची। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्थानों का दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने मौके पर अधिकारियों को बस स्टैंड के पास एलआईसी ऑफिस से ट्रैफिक पार्क तक सड़क की मरम्मत कराने, ट्रैफिक पार्क की सफाई कराने व पानी निकासी के बेहतर प्रबंध करने के निर्देश दिए। इस दौरान मेयर सुमन बहमनी ने एलआईसी ऑफिस के बाहर पौधरोपण कर पर्यावरण शुद्धिकरण का संदेश दिया। मेयर ने अधिकारियों को ट्रैफिक पार्क में साफ सफाई करवाए जाने, पेड़ों व पौधों की ट्रिमिंग कराने और पार्क का सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि शहर की हर समस्या का समाधान कराना हमारा प्रयास है। उन्होंने कहा कि शहर की समस्याओं के समाधान के लिए वह खुद हर वार्ड का दौरा कर रही हैं। समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने के हर प्रयास किए जा रहे हैं। आम जनता के सहयोग से समस्याओं का निपटारा किया जा रहा है। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि शहर में ट्रिपल इंजन की सरकार द्वारा करोड़ों रुपये के विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

# एनसीसी कैडेट्स ने पौधरोपण कर स्वच्छता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर के डीएवी कॉलेज फार गर्ल्स में वीरवार को 14 हरियाणा बटालियन एनसीसी द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज की एनसीसी की कैडेट्स ने हॉस्टल ग्राउंड में विभिन्न प्रकार के पौधारोपण करके स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्या डॉ. सुरिंदर कौर ने पौधारोपण करके किया।

कॉलेज की एनसीसी इंचार्ज मेजर गीता शर्मा ने बताया कि 14 हरियाणा बटालियन एनसीसी यमुनानगर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जरनैल सिंह व एडम आफिसर कर्नल जितेदूंर दहिया के दिशा निर्देश पर पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स द्वारा ग्रीनिंग द वेस्ट लैंड थीम पर पौधा रोपण किया गया।

कैडेट्स ने मौके पर फलदार, छायादार व औषधीय पौधे लगाकर पर्यावरण स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण करने का संदेश दिया गया। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वह दो साल तक रोपित किए गए पौधों की देखभाल करें। इसके बाद पूरी उम्र पौधा आपकी व आसपास के लोगों की देखभाल करेगा।

मेजर गीता शर्मा ने कहा कि पेड़ पौधे हमारे लिए प्राणदाता के समान हैं। जो हमें प्राण वायु प्रदान करते हैं। इसलिए हम सभी को भविष्य खुशहाल बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधे रोपित करने चाहिए। कार्यक्रम में सुबेदार मेजर जसवंत सिंह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग दिया।



**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज के हॉस्टल प्रांगण में पौधरोपण करते हुए एनसीसी कैडेट्स। फोटो : हरिभूमि



कांबोज धर्मशाला रादौर में आयोजित कार्यक्रम में समाज के लोगों को निमंत्रण देते अतिथि व अन्य।

# शहीद ऊधम सिंह के शहीदी दिवस कार्यक्रम का दिया निमंत्रण

**रादौर।** बाबा भूषण शाह चेरिटेबल ट्रस्ट हिसार की ओर से 31 जुलाई को शिरोमणि शहीद उधम सिंह का 85 वां शहीदी दिवस मनाया जा रहा है। जिसको लेकर वीरवार को कांबोज धर्मशाला में समाज के लोगों को कार्यक्रम का निमंत्रण दिया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मास्टर सतपाल कांबोज मंधार के नेतृत्व में डेरे से आए हुए सदस्य लाभ सिंह, गुरनाम सिंह, देसराज व इंद्र सिंह का फूलमालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। मास्टर सतपाल कांबोज मंधार ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबा ब्रह्मदास जी महाराज करेंगे। इस दौरान गुरु का अटूट लंगर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहीद उधम सिंह कांबोज ने इंग्लैंड में जाकर जलियांवाला बाग में हुए नरसंहार का बदला लिया था। जिस पर पूरे देश को गर्व है। शहीद किसी एक कौम के नहीं होते वे तो सभी के होते हैं। सभी को हर शहीद को मान सम्मान देना चाहिए। मौके पर रणधीर धौलरा, सेवाराम, मायाराम अमलोहा, विजय सरपंच नागल, मुकेश सिली, महिपाल, मान सिंह, धर्मबीर दामला, शिवकुमार संधाला व डॉ.सतीश कांबोज आदि मौजूद थे।

# छात्राओं ने झूला झूलण आयो रे सावन आयो रे.. गीतों पर दी प्रस्तुति

- राजकीय माध्यमिक विद्यालय चांदपुर में हरियाली तीज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

राजकीय माध्यमिक विद्यालय चांदपुर में वीरवार को हरियाली तीज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में जगाधरी खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता गुप्ता उपस्थित हुई। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए हरियाली तीज के लोकगीत, नृत्य और कविताओं ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्यातिथि ने दीप प्रज्जवलित करके की। इसके बाद



**यमुनानगर।** विद्यालय चांदपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली छात्राओं के साथ मुख्यातिथि व अन्य अध्यापक।

छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्राओं ने पारंपरिक परिधान में झूला झूलण आयो रे सावन आयो रे जैसे गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दी। मुख्य अतिथि सुनीता गुप्ता ने कहा कि हरियाली तीज नारी सशक्तिकरण प्रकृति प्रेम और हमारी सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक पर्व है। विद्यालय की मुख्याध्यापिका मनीषा शर्मा एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। मौके पर सोनिया कांबोज, महेंद्र सिंह कलेर, नीलम, सीमा, वंदना शर्मा, हरीश किमौठी, डॉ. गीता बैनीवाल, अलका, प्रिंस वर्मा, रवि, राहुल, दिनेश, रविंद्र शर्मा व अनीता शर्मा आदि मौजूद रहे।

## रंजिश के चलते पिता-पुत्र को लाठी डंडों से पीटकर किया घायल

**यमुनानगर।** गांव तिहानो में रंजिश के चलते कुछ लोगों ने पिता-पुत्र पर लाठी, डंडों व लोहे की रॉड से हमला कर घायल कर दिया। दोनों घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद पांच आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में के केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु दी। जानकारी के अनुसार गांव तिहानो निवासी परमजीत सिंह ने छछरौली थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी कुछ दिन पहले गांव के ही हरदीप और अमर सिंह के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था। मगर इसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने गले। परमजीत ने बताया कि 13 जुलाई को वह अपने बेटे दविंद्र सिंह के साथ किसी काम से जा रहा था। रास्ते में हरदीप व अमर सिंह ने अपने परिवार के सदस्यों गरमिंद्र सिंह, सतवंत सिंह व जसमिंद्र सिंह के साथ उसे रास्तें में रोकर लिया। इसके बाद आरोपियों ने उन दोनों पर लाठी, डंडों व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। जिससे वह दोनों घायल हो गए। मारपीट की आवाज सुनकर जब अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बद सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**पांच आरोपियों के खिलाफ किया केस दर्ज**

### नगर निगम की टीम ने शहर के मुख्य मीरा बाई बाजार से हटवाया दुकानों के आगे से अतिक्रमण

# अतिक्रमण करने से जाम लगने पर होती हैं आपातकालीन सेवाएं बाधित: बेनीवाल

- निगम के एसआई सुशील कुमार ने दुकानदारों को दुकानों के आगे अतिक्रमण करने पर दी कार्रवाई की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी द्वारा शहर में चलाए जा रहे अभियान के तहत मीरा बाई बाजार से अतिक्रमण हटवाया। इस दौरान निगम की टीम को देखकर दुकानदारों ने स्वयं ही सड़क पर रखा सामान उठाकर दुकानों के भीतर रखना शुरु कर दिया। निगम अधिकारियों ने दुकानदारों को सड़क पर दोबारा सामान रखने पर उसे जब्त करने और चालान करने की चेतावनी दी।

नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी के निर्देश पर सीएसआई विनोद बेनीवाल के नेतृत्व में एसआई सुशील कुमार व होमगार्ड के जवानों की टीम मीरा बाई बाजार में पहुंची और दुकानों के आगे रखे सामान को हटाना शुरु कर दिया। इस दौरान जैसे ही निगम की टीम ने अतिक्रमण हटाना शुरू किया तो दुकानदारों में अफरा तफरी मच गई। निगम की कार्रवाई को देख दुकानदार स्वयं अपना सामान उठाकर अंदर रखने लगे। इस दौरान एसआई सुशील कुमार ने दुकानदारों को समझाया कि अतिक्रमण करने से आमजन को परेशानी होती है। निगम अधिकारियों ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि यदि भविष्य में फिर सड़क पर सामान रखा तो उसे जब्त किया जाएगा। सीएसआई विनोद बेनीवाल ने कहा कि अतिक्रमण से सड़क पर जाम लगने से कई बार आपातकालीन सेवाएं जैसे एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड की सेवाएं प्रभावित होती हैं। इसलिए सभी दुकानदार अपनी दुकानों के सामने रखने की बजाए उसे भीतर रखें और बाजार में अतिक्रमण नहीं होने दें। उन्होंने कहा कि मीरा बाई बाजार शहर का सबसे प्रमुख बाजार है। जहां सबसे अधिक ग्राहकों की भीड़ लगी रहती है। सड़क पर अतिक्रमण होने से लोगों को यहां से निकलने पर परेशानी होती है। आमजन को कोई दिक्कत न हो इसलिए अभियान चलाकर बाजार से अतिक्रमण हटाया गया। बेनीवाल ने कहा कि भविष्य में सामान सड़क पर रखा मिला तो जब्त कर लिया जाएगा। इसके साथ ही दुकानदार का चालान किया जाएगा।



**यमुनानगर।** मीरा बाई बाजार में अतिक्रमण हटवाती निगम की टीम। फोटो : हरिभूमि

# विद्यार्थियों को दी संस्थान की नीतियों व उद्देश्यों की जानकारी



**रादौर।** आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**रादौर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में वीरवार को बीबीए छात्रों के लिए प्रारंभ 2के25 नामक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नए छात्रों को संस्थान की नीतियों, प्रक्रियाओं व शैक्षणिक अपेक्षाओं से परिचित कराने के साथ-साथ उन्हें संकाय और कर्मचारियों से परिचित कराना था।

विभाग प्रमुख अनुजा गोयल ने स्वागत भाषण देते हुए संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता और छात्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। ओरिएंटेशन कार्यक्रम ने कॉलेज जीवन, शैक्षणिक अपेक्षाओं और पाठ्येतर गतिविधियों का एक व्यापक परिचय प्रदान किया। छात्रों को संस्थान की नीतियों, नियमों और विनियमों का एक सिंहावलोकन प्राप्त हुआ जिससे कॉलेज जीवन में एक सहज संक्रमण सुनिश्चित हुआ।

कार्यक्रम का आयोजन छात्रों के बीच उत्साह और प्रत्याशा की भावना के साथ हुआ, जो अब अपने शैक्षणिक सफर पर निकलने के लिए उत्सुक हैं। छात्रों ने अपने विचार व अनुभव सांझा किए। संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने कहा कि जेएमआईटी रादौर का उद्देश्य छात्रों को एक समृद्ध व संतुलित शैक्षणिक अनुभव प्रदान करना है।

## खबर संक्षेप



### हरियाली अमावस्या पर सत्संग व भंडारा आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वाधान में श्री हंस योग आश्रम कुरुक्षेत्र में सावन की हरियाली अमावस्या के उपलक्ष में सत्संग और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए प्रेस सचिव पवन गोयल ने बताया कि सद्गुरु देव सतपाल जी महाराज की आत्म अनुभवी साध्वी अंतमुर्खी बाई,साध्वी सुभद्राबाई,साध्वी सुनिधि बाई और साध्वी अर्चना बाई ने सत्संग एवं भजनों से भक्तों को आनंद विभोर कर दिया।

### बेटी के जन्म पर की कुआं पूजन की रस्म

**कुरुक्षेत्र।** महिला एवं बाल विकास विभाग की सीडीपीओ कुसुम कंबोज के निर्देशानुसार सुपरवाइजर सीमा की अगुवाई में चनारथल कालोनी के आंगनबाड़ी केंद्र में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत बेटी के जन्म पर कुआं पूजन की रस्म की गई। कुआं पूजन आमतौर पर बच्चे के जन्म के 11वें दिन या एक महीने के बाद किया जाता है। सुपरवाइजर सीमा ने कहा कि आजकल लड़का लड़की में कोई फर्क नहीं है। यदि लड़कियों को उचित अवसर दिया जाए तो वे किसी भी मायने में लडकों से कम नहीं हैं और अपने परिवार का सहारा बन सकती हैं।

## राज्यमंत्री ने कष्ट निवारण समिति की 17 में से 12 शिकायतों का किया समाधान

# राशन वितरण में अनियमितता बरतने पर दर्ज होगी एफआईआर : नागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के राज्यमंत्री राजेश नागर ने कहा कि गांव मिजार्पुर के डिपो धारक ने राशन वितरण प्रणाली में अनियमितता बरती है। इस विषय की डीएफएससी विभाग की तरफ से जांच करने पर काफी अनियमितता सामने आई है। इस जांच रिपोर्ट के बाद जिला खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारी सम्बन्धित डिपो धारक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाएं। हरियाणा के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के राज्यमंत्री राजेश नागर वीरवार को नए लघु सचिवालय के सभागार में जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले राज्यमंत्री राजेश नागर ने एजेंडे की 17 शिकायतों की गहनता से सुनवाई की और इसमें से 12 शिकायतों का मौके पर समाधान किया गया। राज्यमंत्री ने न्यू मिजार्पुर कालोनी निवासी अनिल कुमार को अपनी ग्रांट से 67 हजार रुपए की राशि देकर उचित न्याय दिया, आकाश नगर निवासी परमिन्द्र सिंह, कनीपला निवासी जगीर सिंह को कम से कम चार्जिज पर बिजली की लाईन बदलने, गांव रामगढ़ रोड निवासी सुरेन्द्र सिंह, गांव लंडी निवासी प्रेमचंद, रेलवे रोड निवासी सुरेन्द्र कुमार, गांव दयालपुर निवासी अंग्रेज, गांव चिब्बा निवासी विक्रम सिंह, गांव गुमथला गढु निवासी गुरमीत सिंह,गांव धमूर खेडी निवासी दलजीत सिंह की शिकायत का मौके पर समाधान किया। उन्होंने कहा कि छोटा बाजार निवासी भीम सैन चावला द्वारा रखी गई शिकायत पर जांच करने की जिम्मेवारी एडीसी को सौंपी है। इससे पहले उपायुक्त नेहा सिंह ने मंत्री राजेश नागर का बैठक में पहुंचने पर स्वागत किया तथा बैठक में शामिल एजेंडों की विस्तार से जानकारी दी।

**ये रहे मौजूद:** इस मौके पर थानेसर विधायक अशोक अरोडा, पिहोवा विधायक मनदीप सिंह चट्ठा, शाहबाद विधायक रामकरण, भाजपा के जिलाध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी, जिला परिषद चेयरमैन कंवलजीत कौर के अलावा जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त नेहा सिंह, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल सहित जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति के सभी सदस्यगण तथा सभी अधिकारी उपस्थित थे।



कुरुक्षेत्र। कष्ट निवारण समिति की बैठक में समस्याओं का समाधान करते राज्य मंत्री राजेश नागर।



कुरुक्षेत्र। कष्ट निवारण समिति की बैठक में समस्या सुनाते फरियादी।

### शारदा को मिला न्याय, 3 एकड़ जमीन पर कब्जा दिलवाने के आदेश

*राज्यमंत्री राजेश नागर ने गांव सिरसला निवासी शारदा रानी की फरियाद को फिर से सुना और इस फरियादी का कष्ट निवारण समिति के सभी सदस्यों ने भी सहयोग किया। इस फरियादी की पुलिस कार्रवाई पर डीएसपी सुनील कुमार की दलील को भी सुना। इन तमाम पक्षों को जानने के बाद राज्यमंत्री ने आदेश दिए कि शारदा रानी को 3 एकड़ जमीन पर कब्जा दिलवाया जाए या फिर सारी 15 एकड़ जमीन को खाली करवाया जाए।*

### असली शपथ पत्र गायब होने के मामले की जांच करेंगे पुलिस अधीक्षक

गांव अमीन निवासी सलिन्द्र सिंह ने हाउस के समक्ष अपनी बात रखते हुए कहा कि उनके भाई ने फर्जी शपथ पत्र देकर बिजली कनेक्शन को बिजली विभाग की मिलीभगत से पहले कनैक्शन को बिमला देवी के नाम किया और फिर उसी कनैक्शन को राजबीर के नाम कर दिया था। उनकी इस शिकायत पर बिजली विभाग द्वारा दोनों कनेक्शनों को रद्द किया गया। इस विषय पर जब पुलिस और बिजली विभाग से असली शपथ पत्र मांगा गया तो किसी भी विभाग ने असली शपथ पत्र उपलब्ध नहीं करवाया। इसलिए किसी ना किसी स्तर पर लापरवाही बरती गई है। इस विषय पर बिजली विभाग की तरफ से तर्क दिया गया कि कन्जूयमर लिपिक को चार्जशीट कर दिया गया है। इस पूरे मामले को जानने के बाद राज्य मंत्री ने सलिन्द्र सिंह की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक को जांच करने के आदेश दिए है।

## प्रत्येक व्यक्ति को कौशल दिखाकर बनानी चाहिए पहचान : राज कुमार

- इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम में गोवा, गुजरात व राजस्थान के युवा प्रतिभागियों ने अपने राज्य का सामूहिक लोक नृत्य किया प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

युवा मामले, कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय हरियाणा के अतिरिक्त निदेशक राज कुमार ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने क्षेत्र में एक अलग पहचान के साथ एक अलग तरह का सेवा प्रदाता बनना चाहिए, ताकि वह अन्य किसी प्रतिस्पर्धी से आगे बढ़कर सफल बन सके। प्रत्येक व्यक्ति को अपने कम्फर्ट जॉनया सुविधा क्षेत्र से बाहर निकलते हुए अनवरत प्रयासरत रहना चाहिए। जीवन में अपने सपने को साकार करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहिए तभी हम जीवन में सफल व्यक्ति बन सकते हैं। युवा मामले, कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय हरियाणा के अतिरिक्त निदेशक राज कुमार वीरवार को युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग, हरियाणा द्वारा 23 जुलाई से 25 जुलाई तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के प्रांगण में तक चलने वाले ह्यइंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम-2025 का दूसरे दिन शुभारंभ किया।डा. नकुल कुमार ने कहा कि युवाओं को कौशल शिक्षा प्राप्त करना चाहिए। उद्योगों की मांग के अनुसार ही कौशल प्रशिक्षण प्राप्त लिया जाना बेहतर होगा।



कुरुक्षेत्र। युवा मामले, कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय हरियाणा के अतिरिक्त निदेशक राज कुमार।

### *24 राज्यों से भाग लेने पहुंचे युवा*

*इस कार्यक्रम में भारत के 24 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेश से लगभग 600 युवा प्रतिभागी अपने प्रतिनिधि मण्डल सहित भाग लेने पहुंचे हैं। कार्यक्रम में गोवा, गुजरात व राजस्थान से आए युवा प्रतिभागियों ने अपने-अपने राज्य का सामूहिक लोक नृत्य प्रस्तुत किया। विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय पलवल से विशेषज्ञ के तौर पर आए डॉ. नकुल कुमार ने कौशल विकास के विषय पर अपना व्याख्यान दिया।*

### दिग्विजय सिंह चौटाला के कार्यक्रम को लेकर बनाई रुपरेखा

**कुरुक्षेत्र।** युवा जोडो अभियान के तहत जेजेपी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला के जिला कुरुक्षेत्र में 29 जुलाई के प्रोग्रामो को लेकर एक महत्वपूर्ण मीटिंग बुलाई गई है, जिसमें जिला कुरुक्षेत्र से प्रभारी चेयरमैन हज कमेटी मोहसिन चौधरी, प्रधान महासचिव प्रोफेसर रणधीर सिंह चीका ने मीटिंग की अध्यक्षता की। इस दौरान 29 जुलाई को युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला के कार्यक्रम तय किए गए।

## मांगों को लेकर अध्यापक संघ ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

- खंड प्रधान नाथीराम की अध्यक्षता में खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ब्लॉक पिहोवा के कर्मचारियों ने खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना दिया व खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन दिया जिसकी अध्यक्षता खंड प्रधान नाथीराम ने की। धरने का संचालन खंड सचिव संदीप सहारन ने किया। धरने में जिला के प्रधान वीरेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे धरने को संबोधित करते हुए जिला प्रधान वीरेंद्र सिंह ने बताया कि शिक्षा नीति 2020 की आड़ में केंद्र व राज्य सरकार लगातार सार्वजनिक शिक्षा के ढांचे को सिकोड़ रही है। मानी गई मांगो को लागू न करके बार-बार वादाखिलाफी कर रही है। प्रत्येक गाँव में एसएमसी की एक यूनिट बनाने के बहाने लगभग 5 हजार सरकारी स्कूलों के मर्जर की ब्यूरचना रची जा रही है। खंड प्रधान नाथीराम ने बताया कि रूल 2012 के अनुसार हरियाणा सरकार 50% अंकों की आड़ में अध्यापकों को एसीपी प्रदान नहीं कर रही है, जबकि काफी शिक्षकों की नियुक्ति इन नियमों के लागू होने से पहले की है। अतः स्पष्ट है कि इन नियमों की आड़ में हरियाणा सरकार एसीपी नहीं देना चाहती जो कि अध्यापकों के साथ सरासर अन्याय है।




## नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क का हुआ नवीनीकरण वार्ड 32 में विकास कार्य जारी : पार्षद सुधीर चुघ

**कुरुक्षेत्र।** थानेसर नगरपरिषद के अंतर्गत आने वाले वार्ड 32 में स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस का नवीनीकरण कार्य पूरा हो चुका है। इस पार्क की चार दिवारी हो चुकी है, इतना ही नहीं पार्क के अंदर पैदल चलने का रास्ता और पत्थर लगाने का काम भी पूरा हो गया है। पार्क में चारों ओर तिरंगा कलर पार्क की शोभा को और बढ़ा रहा है। वार्ड 32 के पार्षद सुधीर चुघ ने पूर्व मंत्री सुभाष सुधा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सुभाष सुधा के नेतृत्व में वार्ड 32 में विकास कार्य लगातार जारी हैं। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क का नवीनीकरण कार्य पूरा हो चुका है। वार्ड 32 में नालों की सफाई, सड़कों का निर्माण कार्य सहित और भी कई अन्य विकास कार्य लगातार जारी है। पार्षद सुधीर चुघ ने पूर्व मंत्री सुभाष सुधा का आभार जताते हुए कहा कि सुभाष सुधा सीएम नायब सैनी के साथ मिलकर लगातार कुरूक्षेत्र में विकास कार्यों की गंगा बहाने का काम कर रहे हैं।



## ट्रिप मॉनिटरिंग के बारे में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- नवयुग स्कूल में विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

आज नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में विद्यार्थियों को पुलिस विभाग की ओर से हैड कांस्टेबल राजबीर कौर ने विद्यार्थियों को ट्रिप मॉनिटरिंग के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि महिलाएं जब रात को घर पर देरी से आती हैं तो परिवार के लोग उनकी सुरक्षा को लेकर चिंतित रहते हैं,बार-बार फोन कर उनका हाल चाल जानते रहते हैं, लेकिन अब लोगों की चिंता थोड़ी कम हो जाएगी,क्योंकि हरियाणा पुलिस ने एक बेहतर पहल शुरू की है जिसे ट्रिप मॉनिटरिंग के नाम से जाना जाता है। खासकर हरियाणा में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक पहल है। यह एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें पुलिस महिलाओं की यात्रा को शुरू से अंत तक ट्रैक करती है, खासकर रात में या अकेले यात्रा करने वाली महिलाओं के लिए। महिलाएं 112 नंबर पर कॉल करके अपनी यात्रा को पंजीकृत कर सकती हैं और पुलिस जीपीएस के माध्यम से उनकी यात्रा की निगरानी कर सकती है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा, मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, कॉर्डिनेटर रितु चौधरी, अध्यापिका पूनम, नैन्सी, परमज्योति, सोनिया, मधु आदि मौजूद रहे।




### सीईटी परीक्षा के दौरान पुलिस कर्मचारी रहेंगे तैनातः एसपी

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस द्वारा जिला में 26/27 जुलाई 2025 को सीईटी परीक्षा के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक के कुशल मार्ग-दर्शन में 26 व 27 जुलाई को होने वाली सीईटी परीक्षा को लेकर जिला पुलिस द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पुलिस अधीक्षक ने मीटिंग में पुलिस अधिकारीयों और कर्मचारियों को ड्यूटी से सम्बंधित जरुरी निर्देश दिए। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिले में होने वाली सीईटी परीक्षा 2025 को लेकर पुलिस मुख्यालय में पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मचारियों के बीच बैठक की। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 26/27 जुलाई को होने वाली इस परीक्षा में जिला कुरुक्षेत्र में 41 परीक्षा केन्द्रों पर करीब 40 हजार अभ्यार्थी शामिल होंगे।

## कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल होंगे शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शैक्षिक उत्कृष्टता, अनुसंधान, अनुशासन व नेतृत्व क्षमता के अद्वितीय समन्वय के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल को 25 वें उन्नत भारत सेवा श्री पुरस्कार 2025 के अंतर्गत शिक्षा रत्न सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। यह घोषणा पुरस्कार चयन समिति के सदस्य एवं षड्दर्शन साधु समाज के संगठन सचिव वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक द्वारा की गई, जिन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय पहुंचकर डॉ. वीरेन्द्र पाल को व्यक्तिगत रूप से नामांकन पत्र सौंपा। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि डॉ. वीरेन्द्र पाल ने अंग्रेजी साहित्य में पीएच.डी., एलएलबी, एम.फिल., एम.ए., पीजीसीटीई जैसे अनेक उच्च स्तरीय पाठ्यक्रमों के माध्यम से अकादमिक उत्कृष्टता प्राप्त की है।

### 24 अगस्त को मिलेगा सम्मान



लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, को शिक्षा रत्न सम्मान 24 अगस्त को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में दिया जाएगा जिसमें 25 प्रतिष्ठित विभूतियों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन उन्नत भारत संगठन ट्रस्ट (पंजी.) एवं माता मनतरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।

## छात्राओं ने आधुनिक डिजाइनों की बनाई मेंहदी



कुरुक्षेत्र। मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं।

- मार्ग स्थित गीता कन्या विद्यालय में राखी एवं मेहंदी प्रतियोगिता का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सावन के पावन अवसर पर राखी एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों की रचनात्मकता, सांस्कृतिक मूल्यों और कलात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम से 12वीं तक के 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। पर्यावरण-संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए घर पर ही बनी हुई राखियों का प्रदर्शन किया। कुछ राखियाँ बीजों, सूती धागों और दालों से तैयार की गई थीं, जो सादगी और सौंदर्य का अद्भुत संगम थीं। मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने पारंपरिक और आधुनिक डिजाइनों का अद्भुत समावेश प्रस्तुत किया। मेहंदी की खुशबू और डिजाइन की विविधता ने पूरे वातावरण को उल्लासमय बना दिया। राखी प्रतियोगिता में शिशु वर्ग में कक्षा पंचम की भानवी ने पहला, कक्षा चतुर्थ की छात्रा किरण ने दूसरा और कक्षा पंचम की छात्रा शिल्पा और इशिता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### ये रहे मौजूद

विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह कलेर, उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार, प्रबंधक बलबीर प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, शिक्षाविद डॉ हरि प्रकाश शर्मा, सदस्य डॉ सौरभ त्रिखा, सदस्य डॉ राजेश अग्रवाल, प्रांत प्रतिनिधि संजय चौधरी, महिला प्रतिनिधि श्रीमती अंजलि शर्मा एवं प्राचार्या श्रीमती सुमन बाला ने सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दी।



## भगवान शिव का पूजन करने से यश की प्राप्ति होती हैं : अनिल शास्त्री

**कुरुक्षेत्र।** श्रावण मास के पावन अवसर पर सेक्टर-13 स्थित श्रीमहेश्वर हनुमान मंदिर में श्री गो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष में कथावाचक अनिल शास्त्री ने उपस्थित श्रोताओं को बताया कि शिव महापुराण में ब्रह्माजी ने बताया है कि अगर आपको मां लक्ष्मी को प्राप्त करना है, तो आप शिवलिंग पर कमल के फूल, बेल पत्र, शंखपुष्प अर्पित कर भगवान शिव का पूजन करना चाहिए। इससे मां लक्ष्मी प्रसन्न होती है और आपको धन मिलता है। जूही के फूलों से पूजा करने से घर में धनसंपदा बढ़ती है। अन्न के भंडारे भरे रहते हैं। हरसिंगार के फूलों से सुख संपत्ति मिलती है। धन के अलावा अगर आपकी कोई विशेष कामना है , तो आपको उसके अनुसार चीजें शिवलिंग पर अर्पित कर शिवपूजन करना चाहिए। जो लोग मोक्ष की कामना करते हैं, उन लोगों को एक लाख दुर्वा से भगवान शिव का पूजा करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य यजमान पंडित दीनानाथ शर्मा, प्रवीण मित्तल, प्रतिभा मित्तल, ओम प्रकाश खुराना, ओपी गुलियानी, प्रवीण जिंदल, एवं अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

**कार्यक्रम** मेजर नितिन बाली गीता विद्या मंदिर सुन्दरपुर विद्यालय में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

# स्वस्थ शरीर, सतर्क मन और सकारात्मक सोच ही विद्यार्थी जीवन की सच्ची पूंजी : डॉ संजय

खानपान में जंक फूड के सेवन से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हिन्दू शिक्षा समिति के तत्वावधान में मेजर नितिन बाली गीता विद्या मंदिर सुन्दरपुर विद्यालय में विद्यार्थियों हेतु निशुल्क सामान्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर डीआर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, कुरुक्षेत्र के सौजन्य से आयोजित किया गया। शिविर में डॉ संजय शर्मा बी.ए.एम.एस.आयुर्वेद विशेषज्ञ एवं एक्सपरटाइज मेडिकल कैंपस एवं डॉ सिमरन आनन्द बी डी एस, डेंटल सर्जन व उनकी टीम ने भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में सफलता केवल प्रतिभा या परिश्रम पर नहीं, बल्कि व्यक्ति की जीवनशैली पर भी निर्भर करत लेकिन इस सफलता का आधार है एक मजबूत शरीर और स्थिर मन, जिसे स्वस्थ जीवनशैली से प्राप्त किया जा सकता है। इसके लिए विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में नियमितता, संतुलित आहार, समय पर नींद, व्यायाम और योग को शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया। खानपान में जंक फूड के सेवन से होने वाले स्वास्थ्य प्रभावों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. सिमरन आनन्द ने बच्चों के दांतों की जांच की और मौखिक स्वच्छता पर जागरूक करते हुए कहा कि चेहरे की मुस्कान तभी निखरती है जब दांत स्वस्थ हों। उन्होंने बच्चों को नियमित ब्रश करने, मीठे खाद्य पदार्थों से बचने और हर छह माह में दंत परीक्षण कराने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ दांत न केवल भोजन को सही ढंग से पचाने में मदद करते हैं, बल्कि आत्मविश्वास और व्यक्तित्व निखारने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अंत में उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि वे छोटी उम्र से ही दांतों की देखभाल को आदत बनाएं, क्योंकि एक सुंदर मुस्कान, एक स्वस्थ जीवन की पहली पहचान है।



कुरुक्षेत्र। शिविर में मौजूद चिकित्सक।

### इस तरह के प्रयास छात्रों के विकास में महत्वपूर्ण

इस तरह के प्रयास छात्रों के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम डॉ. संजय शर्मा के नेतृत्व में 2020 वॉ कैंप आयोजित किया गया। विद्यालय प्रबंधक रामचंद्र सैनी एवं प्राचार्या मंजुला शर्मा ने डॉ संजय शर्मा, डॉ सिमरन आनन्द व सहयोगी स्टॉफ का स्वागत व औषधिय पौधा देकर सम्मानित किया। प्राचार्या मंजुला ने कहा कि स्वस्थ शरीर, सतर्क मन और सकारात्मक सोच ही विद्यार्थी जीवन की सच्ची पूंजी हैं। ऐसे शिविर छात्रों को जागरूक, अनुशासित और उत्तरदायी नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने डीआर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल,कुरुक्षेत्र के संचालक डॉ.हिमांशु जैन, डॉ संजय शर्मा, डॉ सिमरन आनन्द व उनकी टीम के योगदान को निःस्वार्थ सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का आदर्श उदाहरण बताते हुए आभार प्रकट किया और कहा कि इस तरह के प्रयास छात्रों के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम हैं। इस अवसर पर प्राचार्या मंजुला शर्मा समस्त शिक्षिकाएं एवं अन्य सहयोगी कर्मचारीगण ससम्मान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने यह संकल्प लिया कि वे एक स्वस्थ, अनुशासित और सकारात्मक जीवनशैली अपनाएँगे, ताकि वे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकें।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में दो आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी के सुभाष पार्क के पास से चोरी की मोटरसाइकिल रखने के मामले में पुलिस ने आरोपी अमित उर्फ सेठी व हरिपाल उर्फ कुक्कू को गिरफ्तार किया है। 23 जुलाई 2025 को पुलिस नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों को चेक कर रही थी। नाकाबंदी के दौरान बिना नंबर प्लेट वाहनों के चालान किए जा रहे थे। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट मोटरसाइकिल सवार दो युवकों काबू किया गया। मांगे जाने पर आरोपी मोटरसाइकिल के दस्तावेज पेश नहीं कर पाए। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि उन्होंने यह मोटरसाइकिल चोरी की है। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों को मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में काबू कर लिया।

### मारने की धमकी देने के मामले में आठ काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज लड़ाई-झगड़ा कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी चंचल, परदेसी, कलंदर, सिंगी, दलीप, शेर सिंह, रणजीत व अमनदीप को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 22 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 20 जुलाई 2025 को दलीपगढ़ में आरोपियों ने ईंट-पत्थरों व गुलेल से हमला करते उसे चोट पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अमरजीत उर्फ बिल्ला को गिरफ्तार किया है। इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर नकदी बरामद की गई है। शिकायतकर्ता तिलक राज ने 21 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी गुरपाल सिंह व यशप्रीत सिंह ने कार्यालय आर्यव्रत मोटर टीपीटी मोटर कैंप कुलदीप नगर से गाड़ी की बैटरी, पंप की तार व अन्य सामान चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।



### स्कूलों में लगाए जा रहे है जागरूकता शिविर

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा स्कूलों में जागरूकता शिविर लगाए गए है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल की टीम, एमडीडी संस्था द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कमौदा में विद्यार्थियों को मानसिक रोगियों और दिव्यांगो के लिए चलाई जा रही नालसा योजना की जानकारी दी गई। इसके अलावा उन्हें मानसिक रोगियों के लिए चलाए जा रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी दी गई और दिव्यांग जनों के अधिकार भी बताए गए।

## हरियाली तीज का उत्साह हुआ फीका

# आधुनिकता की दौड़ में पीछे छूट रहे सावन के गीत

रहमदीन ▶▶| बराड़ा

एक समय था जब सावन के आते ही गांव-शहर के हर कोने में हरियाली तीज की रौनक छा जाती थी। झूले पड़ते थे, गीत गाए जाते थे। महिलाएं हरे परिधान पहनकर उत्सव मनाती थी। आधुनिक जीवनशैली और तकनीक की चकाचौंध में यह उत्सव धीरे-धीरे फीका पड़ता जा रहा है। सावन के गीत अब महज सोशल मीडिया तक सीमित हो गए हैं।हरियाली तीज न केवल महिलाओं का त्यौहार था बल्कि यह प्रकृति, प्रेम और परंपरा का उत्सव भी था। 27 जुलाई को तीज पर्व आ रहा है लेकिन युवा पीढ़ी इन परंपराओं से दूर होती जा रही है। कच्चे नीम की निंबोली सावन जल्दी अईयो रे हरियाली तीज और सावन मास में गाए जाने वाले यह गीत और मल्हार समय के बदलाव व आधुनिकता की दौड़ में मानो खो ही गए हैं। हरियाली तीज के अवसर पर भी न तो झूले नजर आ रहे हैं। न ही लोक गीतों के स्वर।झूला तो पड़ गया अमवा की डाल पे री अथवा सावन आया री बहना मेरी झूल लै री जैसे हरियाली तीज के गीत व झूला झूलती महिलाओं की हंसी ठिठौली बदलते सामाजिक परिवेश में दम तोड़ रही है।कुछ सालों पूर्व तक सावन का महीना प्रारंभ होते ही सावन के गीत और पेड़ों पर झूले डल जाते थे। महिलाएं घरेलू काम निपटा कर सज धज कर समूह में झूला झूलती थीं। अब भाग दौड़ भरी जीवन शैली में मानो सामाजिक परंपराएं दम तोड़ रही हैं।अगर अब तीज का त्यौहार कहीं मनाया जाता है तो सिर्फ होटल और पैलेस की शान बनकर रह गया है।

### महिलाएं बोली परंपराएं जीवन का आईना हमें इन्हें जिंदा रखना होगा

#### उत्सवों का महत्व जानना जरूरी



हमारी कोशिश कोशिश रहती है कि स्कूल में हरियाली तीज का आयोजन किया जाए। करते भी हैं ताकि बच्चियां हमारी परंपराओं को जानें। अब बच्चे ज़्यादा सोशल मीडिया और मोबाइल में व्यस्त रहते हैं। माता-पिता भी इन चीजों को महत्व नहीं देते। हमें जरूरत है कि हम इन उत्सवों को स्कूलों और समाजिक आयोजनों के माध्यम से फिर से जीवंत करें। इसके महत्त्व को समझें। -सुनीता कपूर, प्रिंसिपल, डीएवी स्कूल, बराड़ा।

#### अब तो तीज सपना लगती है



पुराने समय में तीज आने से पहले ही तैयारियां शुरू हो जाती थीं। लड़कियां हरे रंग की चूड़ियां, साड़ियां, मेहंदी और फूलों के गहने पहनती थीं। गांव के पीपल के पेड़ के नीचे झूला लगाया जाता था। सब मिलकर गीत गाते थे। कांसे की चूड़ियां छन-छन बाजे, सावन आयो रे। अब ये सब सपना सा लगता है। नई पीढ़ी को न तीज का महत्व पता है न ही गीत याद हैं। -शैलजा शर्मा, प्रिंसिपल, डेफोडील्स

#### परंपराओं को जिंदा रखना होगा



मैं मानती हूं कि जीवन की रफ्तार तेज हो गई है। त्यौहारों का मतलब सिर्फ एक दिन की छुट्टी बनकर रह गया है। ऑफिस की व्यस्तता और परिवार की जिम्मेदारियों में ऐसे त्योहार मनाना मुश्किल लगता है। जब मां से तीज की बातें सुनती हूं तो लगता है कुछ बहुत कीमती खो गया है। -कुलविंदर कंबोज, मेकअप आर्टिस्ट

#### हरियाली तीज का महत्व

हरियाली तीज का सांस्कृतिक और धार्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है। यह सावन के शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाई जाती है और देवी पार्वती के शिव से पुनर्मिलन का प्रतीक मानी जाती है। यह त्यौहार नारी सशक्तिकरण, प्रेम और प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीक है। आधुनिक जीवनशैली, स्मार्टफोन और सोशल मीडिया की चकाचौंध में पारंपरिक त्योहार अपना अस्तित्व खोते जा रहे हैं। पहले जिन गीतों को महिलाएं सामूहिक रूप से गाया करती थीं। वे अब यूट्यूब पर सुनने या रील्स बनाने तक ही सीमित हो गए हैं। झूलों की जगह मॉल्स और पार्किंग एरिया ने ले ली है। त्यौहारों का उल्लास अब इंस्टाग्राम पोस्ट्स या स्टेटस अपडेट्स तक ही रह गया है।

## विज बोले, भाजपा सरकार में बिना खर्ची पर्ची के युवाओं को मिल रही है नौकरी

# नगर परिषद के 47 कर्मचारियों को मिला रोजगार गारंटी का प्रमाण पत्र

- मंत्री ने कहा कि ठेकेदारी प्रथा को खत्म करने के लिए उन्होंने काफी संघर्ष किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम अनिल विज ने कहा कि भाजपा सरकार में बिना खर्ची-पर्ची के युवाओं को नौकरी मिल रही है जिस कारण काबिल लोगों इस क्षेत्र में आ रहे है। पूर्व की सरकारों में तो नौकरी की दुकानें सजती थी। विज वीरवार को प्रदेश सरकार द्वारा अधिनियमित सेवा सुरक्षा कानून 2024 के अंतर्गत नगर परिषद अंबाला सदर के 47 कर्मचारियों को रोजगार गांरटी प्रमाण पत्र वितरण करने के दौरान संबोधित कर रहे थे। रोजगार गांरटी प्रमाण पत्र पाने वाले लोगों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि सभी लोगों का भविष्य जहां सुरक्षित होगा साथ में 58 वर्ष तक वह अपनी सेवाएं नगर परिषद में दे सकेगें। उन्होंने कहा कि हमने प्रदेश का इतिहास बदल दिया है। छावनी की जनता ने उन्हें सात बार विधायक बनाया। वह वर्ष 1990 से सक्रिय राजनीति कर रहे है। उन्होंने देखा है कि पहले की सरकारों में नौकरी के लिए दुकानें लगती थी, बड़ी-बड़ी राशि देकर नौकरी देने के भी आरोप लगते रहे हैं। सरकार नहीं दुकानदारी थी जहां माल बिकता था। परिवार व क्षेत्रवाद का बोलबाला थाद्ध इतना ही नहीं लोग अपने मकान या जमीनें बेचकर अपने बच्चों को नौकरी दिलाने के लिए मजबूर थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने आते ही इस इसपर अंकुश लगाने का काम किया। हमने पर्ची-खर्ची को बंद किया। विज ने कहा कि बीते दिनों उनके आवास पर 20 से 25 युवा आए थे जिन्होंने बताया कि उन्हें नौकरी के लिए कही जाना नहीं पड़ा बिना खर्ची-पर्ची के उन्हें नौकरी मिली है। मंत्री ने कहा कि ठेकेदारी प्रथा को खत्म करने के लिए उन्होंने काफी संघर्ष किया है। अंग्रेजों के समय यह प्रथा चली आ रही थी। ठेकेदारी प्रथा में ठेकेदार लेबर का पैसा तक खा जाता है। उन्होंने इस प्रथा को खत्म करने के लिए लड़ाई लड़ी और 2021 एचकेआरएन बनाकर ठेकेदारी प्रथा को खत्म किया। इन लोगों का भविष्य सुरक्षित रहे इसके लिए वर्ष 2025 में विधानसभा में बिल पारित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री ने प्रमाण पत्र पाने वाले लोगों कहा कि "हम लोगों को खड़ा होना सिखाते है झुकना नहीं। उन्होंने कहा आज आपकी जिंदगी का बहुत बड़ा पड़ाव है जोकि आज आपकों रोजगार गांरटी प्रमाण पत्र मिला है। अब आपका भविष्य सुरक्षित हुआ है तथा 58 वर्ष तक अब सेवाएं दे सकेगें। उन्होंने कहा कि छावनी नगर परिषद में काम करने वाले लोग चुनकर आए हैं। उनका नगर परिषद अधिकारियों, कर्मचारियों व सदस्यों से अनुरोध है कि अपने शहर को सुंदर बनाने के लिए कोई कसर न छोड़ी जाए। प्रमाण पत्र पाने वालों में रमेश, नीलम, अजैब सिंह, कुलदीप, सुरेंद्र सिंह, हैप्पी, अनिल कुमार, नवनीत बग्गा, गौरव, अवनीश, अक्षय, सताम, दीपिका, पवन कुमार, जगीर, राजेंद्र, सुनील, दलेर सिंह, सुमित, वंदना कत्याल, रोजी भोला, आशीष गुप्ता, अतुल मेहता, नवजोत सिंह, जगतार, विजय, मलकीत, प्रदीप, रामकरण, बबू सिंह, कुलविंद्र सिंह, नरेश कुमार, कुलदीप, विरेंद्र, रमेश कुमार, जसबीर, रीतू शर्मा, कुनाल शर्मा, गुलाब, रमन शर्मा, अनुराग शर्मा, प्रवीण कुमार, हरदीप, विशाल, बलकार व प्रोमिला शामिल है।



अंबाला। एक कर्मचारी को रोजगार गारंटी का प्रमाण पत्र देते मंत्री अनिल विज।

- रोजगार गांरटी प्रमाण पत्र पाने वाले लोगों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि सभी लोगों का भविष्य जहां सुरक्षित होगा साथ में 58 वर्ष तक वह अपनी सेवाएं नगर परिषद में दे सकेगें।

## टांगरी नदी के पास कॉलोनियों में नहीं होगा जलभराव, 5.84 करोड़ की योजना तैयार

- निचली कॉलोनियों में पानी निकासी के लिए टांगरी नदी तक डाली जाएगी पाइपलाइन, मंत्री विज के निर्देश पर नगर परिषद ने बनाई योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

टांगरी किनारे बसी कॉलोनियों को अब नगर परिषद विकसित करने की योजना बना रहा है। इन कॉलोनियों में भविष्य में जलभराव न हो इसके लिए भी नई योजना बन रही है। नगर परिषद की ओर से 5.84 करोड़ रुपये की योजना को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। योजना का फायदा सोनिया कॉलोनी सहित पूजा विहार और अन्य नजदीकी क्षेत्रों को फायदा होगा। बारिश के कारण यहां जलभराव हो जाता था और इस कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो जाता था। टांगरी नदी के पास पूजा पेट्रोल पंप के पीछे बसे क्षेत्रों में लगभग 20 हजार से अधिक की आबादी रहती है। यहां के रिहायशी क्षेत्रों से टांगरी नदी तक भूमिगत पाइप डालने का कार्य किया जाएगा। यह कार्य तीन चरणों में होगा। पहले चरण में सलारेहड़ी गांव के गुरुद्वारा साहिब से टांगरी नदी तक पाइप डाला जाएगा। इस पर लगभग 2.28 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसी प्रकार दूसरे चरण में छोटा खुड्डा से सलारेहड़ी के एंट्री प्वाइंट नाले तक पाइप डाला जाएगा। इस पर लगभग 1.51 करोड़ रुपये खर्च होंगे। तीसरे चरण में पूजा विहार और सोनिया कॉलोनी से दो पाइप टांगरी नदी तक डाले जाएंगे। इस परियोजना पर 2.04 करोड़ रुपये खर्च होंगे। सलारेहड़ी, छोटा खुड्डा और पूजा विहार व सोनिया विहार के लोग लगभग पिछले 20 साल से जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। ऐसे में यह परियोजना उनके लिए एक बहुत बड़ी सौगात होगी। इस समस्या के समाधान के लिए स्थानीय निवासियों ने कैबिनेट मंत्री अनिल विज से गुहार लगाई थी और उन्होंने जनमानस से जुड़ी इस प्रमुख समस्या को देखते हुए नगर परिषद को योजना तैयार करने के निर्देश दिए थे ताकि यहां रहने वाले लोगों की परेशानी का स्थायी समाधान किया जा सके। कार्यकारी अभियंता पंकज सैनी ने बताया कि टांगरी नदी किनारे बसी कॉलोनियों को जलभराव की परेशानी दूर करने के लिए कैबिनेट मंत्री के निर्देश पर परियोजना तैयार की गई है। इस परियोजना के सिरे चढ़ने से लोगों को काफी राहत मिलेगी। लगभग 5.84 करोड़ की परियोजना के तहत निचले क्षेत्रों से टांगरी नदी तक पाइप डाले जाएंगे।

## 116 ग्राम गांजा सहित आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

थाना पड़ाव क्षेत्र सर्विस रोड एनएच-44 मोहड़ा के पास से सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी अमरजीत सिंह उर्फ पिल्ला को 116 ग्राम गांजा सहित काबू किया है। पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। इसी आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर नेशनल हाइवे से आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से गांजा जब्त किया गया। पड़ाव थाने में उसके खिलाफ केस भी दर्ज किया गया है।

## लिपिक के निलंबन को लेकर कर्मियों ने 11वें दिन भी की नारेबाजी

- एसडीओ को बचाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

बिजली निगम के लिपिक गुरविंदर के निलंबन के विरोध में चल रहा धरना प्रदर्शन 11 वें दिन भी जारी रहा। बराड़ा में कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यूनिट प्रधान सतबीर देसवाल ने कहा कि वीरवार को निगम अधिकारियों द्वारा बर्फखाने से मीटर उतारने वाले प्रकरण में चार से पांच कर्मचारियों चार्जशीट और शोकाज नोटिस दिया गया है जबकि सारे प्रकरण में दोषी एसडीओ नंबर 2 को शोकाज नोटिस से बचाने की कोशिश की जा रही है। निगम कर्मचारी को बहाल करने की बजाए दूसरे कर्मचारियों पर कार्रवाई की जा रही है। इसकी यूनियन कड़ी निंदा करती है। इस तरह की कार्यशैली से निगम अधिकारी गतिरोध बढ़ाने का काम कर रहे हैं। यूनियन का धरना प्रदर्शन शांतिपूर्वक और निश्चित समय सीमा में चल रहा है। इसके बाद कर्मचारियों द्वारा अपना सारा काम निपटाया जाता है। अगर इस हफ्ते में गुरविंदर को बहाल नहीं किया जाता तो शुक्रवार को यूनिट स्तरीय मीटिंग करके धरना प्रदर्शन को आगे बढ़ाने संबंधित निर्णय लिया जाएगा। यूनिट सचिव सोनू यादव ने बब्याल में कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि निगम अधिकारियों द्वारा सारी जवाबदेही निचले कर्मचारियों पर साजिशन थोपी जा रही है लेकिन जब बात संसाधनों की कमी की आती है तो कोई अधिकारी अपनी जवाबदेही नहीं लेता।

## झूठे आंकड़े पेश कर सरकार कर रही है भ्रामक प्रचार

- प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष ने बढ़ते अपराध पर जताई चिंता, कहा बंदूकों के साये में प्रदेश के कारोबारी, निरंतर होती हत्याओं से कारोबारियों ने शराब कारोबार की तौबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने एक बार फिर राज्य सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए । उन्होंने तीन दिन पहले राज्य सरकार की ओर से जारी अपराध के आंकड़ों को भी झूठा व भ्रामक करार दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश को अपराध मुक्त प्रदेश बनाने की झूठी तस्वीर पेश करने का प्रयास कर रही ह जबकि जनता को असलीयत मालूम है।



अंबाला। एडवोकेट रोहित जैन।

जैन ने कहा कि जिस तरह से प्रदेश में अपराध पांव पसार रहा है ऐसे में आम जनता का ही जीना मुहाल हो गया है। उन्होंने कहा कि जनता की रखवाली करने वाली पुलिस खुद जनता की भक्षक बन रही है। जैन ने हिसार में पुलिस हिरासत में जान गंवाने वाले व्यक्ति के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है।

उन्होंने कहा कि इस मामले में अगर किसी भी पुलिस कर्मचारी की लापरवाही मिलती है तो उसके खिलाफ ठोस कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही पीड़ित परिवार को भी इंसाफ मिलना चाहिए। डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के पूर्व प्रेजिडेंट एडवोकेट रोहित जैन ने बताया कि तीन दिन पहले ही राज्य सरकार की ओर से प्रदेश में अपराध की स्थिति पर सफाई दी थी।

सीएम नायब सैनी ने यह दावा किया था कि प्रदेश से अपराध खत्म हो रहा है। राज्य सरकार अपराधियों से निपटने के लिए जीरो टोलरेंस की नीति पर काम कर रही है। जैन ने हरियाणा सरकार पर बढ़ते अपराध से निपटने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि सरकार माफियाओं से त्रस्त है।

उन्होंने कहा कि अब सुर्खियां अपराध से जुड़ी हैं न कि उन उपलब्धियों से जिनके लिए प्रदेश को कभी जाना जाता था। बता दें कि तीन दिन पहले ही राज्य सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के जरिए यह दावा किया गया था कि पिछले सालों की तुलना अपराध दर में उल्लेखनीय गिरावट आई है। खासकर सरकार की ओर से महिलाओं की सुरक्षा, साइबर अपराध, ड्रग माफिया व गैंगस्टर नेटवर्क पर नकेल कसने का दावा किया था।

हरियाणा राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों का हवाला देते हुए सरकार ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के शासनकाल (2004-2014) के दौरान, अपराध में औसत वार्षिक वृद्धि 18.69% तक पहुंच गई थी। इसके विपरीत, 2014-2024 की अवधि (भाजपा शासन) के दौरान, स्नैचिंग को छोड़कर, अधिकांश अपराध श्रेणियों में नकारात्मक वृद्धि देखी गई है।

जैन ने कहा कि प्रदेश में सरेआम गैंगस्टर कारोबारियों की हत्याएं कर रहे हैं। इसके बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर खुद जिम्मेदारी लेते हैं।

## विधानसभा में आवाज उठाने के लिए वर्कर्स ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**कुरुक्षेत्र।** मिड डे मील वर्कर्स यूनियन हरियाणा संबंधित सीटू, एमडीएमडब्ल्यूएफआई एवं सहयोग सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, ब्लॉक थानेसर की मिड डे मील वर्कर्स ने मांगों व समस्याओं के समाधान हेतु विधानसभा व राज्य सरकार के समक्ष आवाज उठाने के लिए ब्लाक प्रधान सत्या देवी की अध्यक्षता में इकट्ठा होकर थानेसर विधानसभा से कांग्रेस विधायक अशोक अरोड़ा को उनके निवास स्थान पर जाकर अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। जिला सचिव अनिल कुमार, जिला कौषाध्यक्ष सुनील रत्न ने विधायक को ज्ञापन सौंपते वक्त बताया कि राज्य सरकार मिड डे मील वर्कर्स की समस्याओं की लगातार अनदेखी कर रही है। वर्कर्स गरीबी और आर्थिक तंगी के हालात झेल रहे हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री को बीईओ के जरिए भेजा ज्ञापन, सरकार पर वायदाखिलाफी करने का भी आरोप

# स्कूली शिक्षा के सरकारी ढांचे को कमजोर कर रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया खंड इकाई ने उप प्रधान देवानंद की अध्यक्षता में खंड शिक्षा अधिकारी मनजीत कौर को शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने से पहले खंड सचिव ऊष्म कश्यप ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार स्कूल प्रबंधन कमेटी मर्जर करने के नाम पर स्कूली शिक्षा के सरकारी ढांचे को कमजोर कर रही है ।

जिला प्रधान सरदार सतनाम सिंह ने कहा शिक्षा नीति 2020 की आड़ में केंद्र व राज्य सरकार लगातार सार्वजनिक शिक्षा के ढांचे को सिकोड़ रही है। मानी गई मांगों को लागू न करके बार-बार वायदाखिलाफी कर रही है। मई मास में सभी विद्यालयों में विद्यालय प्रबंध समिति की कार्यकारिणी का गठन किया गया था परंतु जुलाई माह के शुरू में ही इन समितियों के रद्द करने का पत्र जारी हो जाता है जिसमें अटैच प्राथमिक व विद्यालयों की विद्यालय प्रबंधन समितियों को रद्द करके माध्यमिक, उच्च या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के साथ एक ही समिति बनाने के आदेश दे दिए गए। जो एक तो मई मास में बनाई गई समितियों के सदस्यों की प्रतिष्ठा का सवाल खड़ा करता है।

दूसरा प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की समस्याएं व जरूरतें बड़े बच्चों से भिन्न प्रकार की होती हैं इसलिए प्राथमिक विद्यालय को अलग इकाई के रूप में देखना चाहिए। ऐसा प्रतीत होता है एसएमसी की एक यूनिट बनाने के बहाने लगभग 5 हजार सरकारी स्कूलों के मर्जर की व्यूह रचना रची जा रही है। जिला ऑडिटर भूप सिंह ने कहा कि अध्यापकों पर गैर शैक्षणिक कार्यों का बोझ निरंतर बढ़ता जा रहा है।

शिक्षा विभाग में नित नए नए प्रयोग किए जा रहे हैं।अध्यापकों की हजारों पोस्ट खाली पड़ी हैं। गेस्ट अध्यापकों के डीए पर कैप लगा रखी है। एचकेआरएन में लगे अध्यापकों को वेतन और एक्सटेंशन के लिए तरसाया जा रहा है। छात्रों की प्रोत्साहन राशि में न ही बढ़ोत्तरी की जा रही है न ही समय पर जारी की जा रही है।

छुट्टियों में अध्यापकों अनेक प्रकार के कैंप या ट्रेनिंग में ड्यूटी लगा दी जाती है परन्तु प्रतिपूर्ति या अर्जित अवकाश के लिए नियम होते हुए भी पत्र जारी नहीं किया जाता। यदि अध्यापकों की मांगों को द्विपक्षीय वार्ता से हल नहीं किया गए तो मजबूरन आंदोलन को और तेज करना पड़ेगा। ज्ञापन में सह सचिव विनोद मिल्क, प्रदीप कुमार, सरदार हरजिंदर सिंह, प्रवीण कुमार, नरेश भारद्वाज, राम पाल अनुराग ने भाग लिया।




नारायणगढ़। मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन करते शिक्षक।